**087/X/SA2/02/B1**

# Class - X

# SOCIAL SCIENCE

Time : **3** hours
समय : **3** घण्टे

Maximum Marks : **80**
अधिकतम अंक : **80**

Total No. of Pages : **12**

**Instructions :**

1. The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.
2. Marks are indicated against each question.
3. Questions from serial number **1 - 16** are multiple choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your answer book.
4. Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.
5. Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.
6. Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography. Attach both the maps in your answer book.

**निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र में **36** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य हैं**।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गये हैं।
3. प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक के प्रश्न एक-एक अंक के बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। अपनी उत्तर पुस्तिका में सही विकल्प चुन कर लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक के प्रश्न तीन-तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक के प्रश्न चार-चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या **35** इतिहास से मानचित्र सम्बन्धित **2** अंक है और प्रश्न संख्या **36** भूगोल से मानचित्र सम्बन्धित **3** अंक का है। दोनों मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

**1.** What emerged as a force which brought about sweeping changes in the political and material world of Europe in the nineteenth century ? **1**

(a) The emergence of the nation state
(b) The multi-national dynastic empire
(c) Territorial state
(d) Absolute monarchy

**OR**

When did the conflict with the U S end in Vietnam and how ?

(a) Peace settlement in Nuremberg in April 1974
(b) Peace settlement in Paris in January 1974
(c) Peace settlement in Hanoi in December 1972
(d Peace settlement in Vietnam in September 1969.

**2.** Conservatives did not believe in establishing and preserving : **1**

(a) the monarchy (b) the democracy
(c) traditional institutions of state and society (d) social hierarchies.

**OR**

What were the provinces of Nghe An and Ha Tinh called in Vietnam ?

(a) Electric current (b) Electric circuit
(c) Electric fuses (d) None of the above.

**3.** In which movement did Gandhi see an opportunity to bring Muslims under the umbrella of a unified national movement ? **1**

(a) the oppressive plantation system in Champaran movement.
(b) A satyagraha movement to support the peasant of the kheda district of Gujarat.
(c) A nation wide satyagraha against the proposed Rowlett Act of 1919
(d) A non-cooperation movement in support of Khilafat as well as swaraj.

**4.** Which pact resolved the issue of separate electorates for dalits between Gandhi and Ambedkar in 1932 ? **1**

(a) Lucknow pact (b) Nagpur pact
(c) Poona pact (d) Surat pact

**5.** Which is correct about Magnetite iron ore ? **1**

(a) Magnetite is the most important industrial iron ore in terms of the quantity used.
(b) Magnetite has the inferior magnetic qualities which is not valuable in the electric industry.
(c) It is the finest iron ore with a very high content of iron up to 70%
(d) It has a slightly lower iron content than hematite (50-60%).

**6.** Which of the following includes non-ferrous metals ? **1**

(a) iron and manganese (b) Steel and iron ore
(c) Hematite and magnitite (d) copper and bauxite

**7.** The economic strength of the country is measured by which of the following developments ? **1**

(a) The development of the manufacturing industries
(b) The development of the literacy ratio
(c) The development of the health status
(d) The development of the population growth.

**8.** Which one of the following is a tidal port ? **1**

(a) Kandla (b) Kochi (c) Marmagao (d) Vishakhapatnam

9. Which of the following is a public interest group ? **1**
   (a) Trade unions (b) Professional associations
   (c) Business associations (d) A group fighting against bonded labour.

10. Which of the following is not a way to influence politics by the pressure groups ? **1**
   (a) Carrying out information campaigns
   (b) Disrupting government programmers
   (c) Contest elections
   (d) Offer advice to the government.

11. Which among the following is not the function of political parties ? **1**
   (a) Political parties contest election to win the majority and from the government
   (b) Political parties do not play important role in making laws for the country
   (c) Political parties that lose the elections form the opposition party.
   (d) It is an important link between the government and the public.

12. Which one of the following is a foundational challenge ? **1**
   (a) Extension of federal principle to all the units of federation
   (b) Greater power to local governments
   (c) Bringing down the existing non-democratic regime.
   (d) To increase peoples participation.

13. Which of the following institutions is authorized to issue currency in India. **1**
   (a) Reserve bank of India (b) Bank of India
   (c) Parliament of India (d) President of India

14. Name the system in which the double coincidence of wants is an essential feature ? **1**
   (a) Barter system (b) Money economy
   (c) Global economy (d) None of the above

15. Which factor has not enabled globalization ? **1**
   (a) Containers are used in transportation which resulted in huge reduction of costs and increase in speed in reaching the markets.
   (b) Now a news magazine published for London readers can be designed and printed in Delhi.
   (c) Trade barriers or restrictions set by the government
   (d) Goods can be imported and exported easily.

16. On which of the following products Agmark is used ? **1**
   (a) Certification of edible oil and cereals
   (b) Certification maintained for standardization of Jewellery.
   (c) Certification of electronic items.
   (d) Certification on LPG cylinders

17. Explain any three measures or practices which created a sense of collective identity amongst the French people **3x1=3**

   **OR**

   Explain any three steps taken by the French to achieve their aim to exploit the natural resources of Vietnam. **3x1=3**

18. How did Mahatma Gandhi successfully organise Satyagraha movements in various places just after arriving in India ? Explain by giving three examples. **3x1=3**

19. Describe the qualities of four different types of coal found in India. How is coal formed? **2+1=3**

20. Describe any three main features of chemical industry ? **3x1=3**

21. Why is it important for us to improve our weaving sector instead of exporting yarn in large quantities ? **3x1=3**

22. Give any three differences between popular movement in Nepal and struggle in Bolivia **3x1=3**

23. Why is democracy considered much superior to any other form of government in promoting dignity and freedom of the individuals ? Give any three reasons. **3x1=3**

24. How does democracy lead to peaceful and harmonious life among citizens ? Explain. **3**

25. Briefly explains foundational challenge of making transition to democracy. **3**

26. In what three ways has Liberalization of trade and investment policies helped the globalization process ? **3x1=3**

27. Explain any three factors that have enabled globalization ? **3x1=3**

28. What legal measures were taken by the Government to empower the consumers in India ? **3**

29. Explain any three rights of consumers. **3x1=3**

30. Examine the role of women in the nationalist struggles of Europe **4**

**OR**

Describe the views of Paul Bernard on the question of development of the colonies. Mention any three barriers to which were a hurdle in improving the economy of Vietnam. **4x1=4**

31. Describe the extent of peoples participation in the Non-cooperation Movement in the towns. What were its economic effects ? **2+2=4**

32. Describe any two merits of railways and any two problems being faced by the railways. **2+2=4**

33. What is a political party ? Give any three characteristics of a political party. **1+3=4**

34. Describe the pattern of formal and informal sources of credit in urban areas. Why do we need to expand formal sources of credit ? Give any three reasons. **1+3=4**

35. Two features A and B are marked in the given outline political map of India. Identify these features with the help of following information and write their correct names on the lines marked in the map. **2x1=2**

(A) The place of peasants Satyagraha in Gujarat

(B) The place where salt Satyagraha ended.

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same map. **2x1=2**

(i) Bardoli

(ii) Amritsar

NOTE : Answer the following questions for the BLIND CANDIDATES only, in lieu of Q. No. *35*.

(35.1) Name the place where Jalliawala Bagh incidence took place **2x1=2**

(35.2) Name the place where salt satyagraha started.

**36.** Three features A, B and C are marked in the given outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **3x1=3**

(a) Coal mines

(b) Major port

(c) Iron and steel plant

**OR**

Locate and label the following items on the same map with appropriate symbols

(i) Madurai

(ii) Tarapur

(iii) Burnpur

NOTE: The following questions are for the BLIND CANDIDATES only, in lieu of Q. No. 36.

(36.1) Name the Iron and Steel plant of Chattisgarh

(36.2) Name the major port of Goa

(36.3) Name a nuclear power plant in Maharastra.

**- o 0 o -**

1. उन्नीसवीं सदी में ऐसी कौन-सी ताकत उभरी कि जिसने यूरोप की राजनीतिक और भौतिक दुनिया में भारी परिवर्तन किए 1

(a) राष्ट्र - राज्य का उदय
(b) बहुराष्ट्रीय राजवंशीय शासन
(c) क्षेत्रीय राज्य
(d) पूर्ण राजशाही

**अथवा**

अमरीका के साथ वियतनाम में संघर्ष कब और कैसे समाप्त हुआ ? 1

(a) अप्रेल 1974 में न्यूरेम्बर्ग में हुआ शान्ति समझौता
(b) जनवरी 1974 में पेरिस में हुआ शान्ति समझौता
(c) दिसम्बर 1972 में हनोई में हुआ शान्ति समझौता
(d) सितम्बर 1969 में वियतनाम में हुआ शान्ति समझौता

2. रुढ़िवादी क्या बनाने और बचाए रखने में विश्वास नहीं रखते थे? 1

(a) राजतंत्र
(b) लोकतन्त्र
(c) राज्य और समाज की पारम्परिक संस्थाएँ
(d) सामाजिक अनुक्रम

**अथवा**

न्‌ अन और हा तिएन के प्रान्तों को वियतनाम में क्या कहा जाता था? 1

(a) इलेक्ट्रिक करंट
(b) इलेक्ट्रिक सर्किट
(c) इलेक्ट्रिक फ्यूज़ेस
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. किस आन्दोलन में गाँधीजी ने मुसलमानों को एक संगठित राष्ट्रीय आन्दोलन के छाते के नीचे लाने का एक अवसर देखा? 1

(a) चम्पारन आन्दोलन में दमनकारी खेती व्यवस्था
(b) गुजरात के खेड़ा जिले में किसानों के समर्थन में किया गया सत्याग्रह आन्दोलन
(c) 1919 के प्रस्तावित रालॅट एक्ट के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आन्दोलन
(d) खिलाफत और स्वराज के पक्ष में असहयोग आन्दोलन

4. 1932 में कौन-सा समझौता (पैक्ट) से गाँधीजी और अम्बेडकर के बीच दलितों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र के मुद्दे को सुलझाया गया। 1

(a) लखनऊ पैक्ट (b) नागपुर पैक्ट
(c) पूना पैक्ट (d) सूरत पैक्ट

5. मैग्नेटाइट लौह अयस्क के विषय में क्या सही है? 1

(a) मैग्नेटाइट सर्वाधिक महत्वपूर्ण अयस्क है जिसका अधिकतम मात्रा में उपयोग हुआ है।
(b) मैग्नेटाइट में चुम्बक के घटिया गुण हैं जिनका विद्युत उद्योग में कोई मूल्य नहीं है।
(c) यह सर्वश्रेष्ठ लौह अयस्क है जिसमें 70 % तक लोहे की मात्रा है।
(d) इसमें हेमेटाइट की अपेक्षा लोहे की मात्रा कम होती है। (50 - 60 %) से कम है।

**6.** निम्नलिखित में से किसमें अलौह धातु सम्मिलित है। **1**

(a) लोहा और मैंगनीज़ (b) इस्पात और लौह अयस्क

(c) हेमेटाइट और मैग्नेटाइट (d) तांबा और बाम्साइट

**7.** देश की आर्थिक मजबूती को निम्नलिखित में से किसके विकास द्वारा मापा जाता है? **1**

(a) विनिर्माण उद्योगों के विकास द्वारा

(b) साक्षरता दर की वृद्धि में विकास से

(c) स्वास्थ स्तर की उन्नति के विकास से

(d) जनसंख्या की वृद्धि के विकास से

**8.** निम्नलिखित में से कौन ज्वारीय पत्तन है? **1**

(a) कांडला (b) मारमगाओ

(c) कोच्ची (d) विशाखापट्टनम

**9.** निम्नलिखित में से कौन जन सामान्य हित समूह है? **1**

(a) मजदूर संगठन (b) व्यापार संगठन

(c) व्यावसायिक संगठन (d) बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध लड़ने वाला समूह

**10.** निम्नलिखित में से कौन सा तरीका दबाव समूहों द्वारा राजनीति को प्रभावित करने का तरीका नहीं है? **1**

(a) सूचना अभियान चलाना

(b) सरकारी कार्यक्रमों को खराब करना

(c) चुनाव लड़ना

(d) सरकार को सलाह देना

**11.** निम्नलिखित में से कौन सा कार्य राजनीतिक दल का कार्य नहीं है? **1**

(a) राजनीतिक दल बहुमत प्राप्त करने और सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ते हैं।

(b) राजनीतिक दल देश के लिए कानून बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाते।

(c) राजनीतिक दल चुनाव हारने के बाद विपक्षी दल बन जाते हैं।

(d) यह सरकार और लोगों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है।

**12.** निम्नलिखित में से बुनियादी चुनौती कौन-सी है? **1**

(a) संघ की सभी इकाईयों तक संघीय सिद्धान्तों का विस्तार

(b) स्थानीय सरकारों को अधिक शक्ति

(c) वर्तमान अलोकतांत्रिक शासनों को हटाना/ गिराना

(d) लोगों की भागीदारी को बढ़ाना

**13.** निम्नलिखित में से कौन भारत में मुद्रा (करेंसी) जारी कर सकता है? **1**

(a) रिज़र्व बैंक आफ इन्डिया ( भारतीय रिज़र्व बैंक)

(b) बैंक आफ इन्डिया

(c) भारत का संसद

(d) भारत का राष्ट्रपति

**14.** उस प्रणाली का नाम क्या है जिसमें आवश्यकताओं का दोहरा संयोग होना एक अनिवार्य विशिष्टता है? **1**

(a) वस्तु विनिमय प्रणाली (b) मुद्रा अर्थ व्यवस्था प्रणाली

(c) वैश्विक अर्थ व्यवस्था प्रणाली (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**15.** किस कारक ने वैश्वीकरण को बढ़ावा नहीं दिया? **1**

(a) परिवहन में कन्टेनरों का प्रयोग जिससे लागत में भारी कमी तथा बाजारों तक पहुंचने की गती बढ़ी है।

(b) अब लन्दन के पाठकों के लिए नई पत्रिका भारत में डिज़ाइन और मुद्रित की जा सकती है

(c) सरकार द्वारा लगाई गई व्यापारिक पाबन्दियां और अवरोध

(d) वस्तुएं आसानी से आयात और निर्यात की जा सकती हैं

**16.** निम्नलिखित में से किस उत्पाद पर 'एगमार्क' का प्रयोग किया जाता है? **1**

(a) खाद्य तेलों तथा दालों के प्रमाणीकरण पर

(b) गहनों के मानकीकरण हेतु निश्चित प्रमाणक

(c) इलैक्ट्रानिक वस्तुओं पर

(d) एल. पी. जी. गैस के सिलिंडर पर

**17.** ऐसे किन्हीं तीन उपायों अथवा आचरणों को स्पष्ट कीजिए जिन्होंने फ्रांसीसी लोगों के बीच सामूहिक पहचान की भावना पैदा की। **3x1=3**

**अथवा**

वियतनाम के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने का उद्देश्य पूरा करने के लिए फ्रांसीसियों द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन कदमों की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

**18.** महात्मा गाँधी ने भारत में पहुंचने के बाद विभिन्न स्थानों पर सत्याग्रह आन्दोलन सफलतापूर्वक कैसे चलाए? तीन उदाहरण दे कर स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

**19.** कोयला किस प्रकार बनता है? भारत में पाए जाने वाले चार विभिन्न प्रकार के कोयलों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **1+2=3**

**20.** रसायन उद्योग की तीन मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **3x1=3**

**21.** बड़ी मात्रा में धागे के निर्यात के बजाय अपने बुनाई क्षेत्र में वृद्धि करना हमारे लिए क्यों महत्वपूर्ण है? **3x1=3**

**22.** नेपाल और बोलिविया के जन संघर्ष में कोई तीन अन्तर लिखिए। **3x1=3**

**23.** लोगों की गरिमा और स्वतंत्रता में वृद्धि करने में लोकतन्त्र को अन्य सभी प्रकार की सरकारों से बहुत अच्छा क्यों माना जाता है। कोई तीन कारण लिखिए। **3x1=3**

**24.** लोकतन्त्र किस प्रकार नागरिकों को शान्तिपूर्ण और सद्भावपूर्ण जीवन की ओर ले जाता है? स्पष्ट कीजिए। **3**

**25.** लोकतन्त्र की ओर जाने के लिए बुनियादी चुनौती की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। **3**

**26.** व्यापार और निवेश नीतियों में उदारीकरण ने किन तीन तरीकों से वैश्वीकरण प्रक्रिया की सहायता की है? **3x1=3**

**27.** वैश्वीकरण को बढ़ावा देने वाले किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। **3x1=3**

28. भारत में उपभोक्ताओं के सशक्तीकरण के लिए सरकार द्वारा कौन से कानूनी उपाय किए गए हैं? **3**

29. उपभोक्ताओं के किन्हीं तीन अधिकारों को स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

30. यूरोप के राष्ट्रवादी संघर्षों में महिलाओं की भूमिका का परीक्षण कीजिए। **4**

**अथवा**

उपनिवेशों के विकास के प्रश्न पर पाल बर्नार्ड के विचारों का वर्णन कीजिए। वियतनाम की अर्थ व्यवस्था को सुधारने के रास्ते में आए किन्हीं तीन अवरोधों का उल्लेख कीजिए। **4**

31. वर्णन कीजिए कि असहयोग आन्दोलन में कस्बों में लोगों ने किस हद तक भागीदारी की। इसके आर्थिक प्रभाव क्या थे? **2+2=4**

32. रेलवे के किन्हीं दो गुणों तथा इसके सामने प्रस्तुत किन्हीं दो समस्याओं का वर्णन कीजिए। **2+2=4**

33. राजनीतिक पार्टी क्या है? किसी राजनीतिक पार्टी की कोई तीन विशेषताँए लिखिए। **1+3=4**

34. शहरी क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक ऋणों के स्त्रोतों के प्रारुप का वर्णन कीजिए। हमें ऋण के औपचारिक स्त्रोतों के विस्तार की ज़रुरत क्यों है? कोई तीन कारण लिखिए। **1+3=4**

35. दिए हुए भारत के रेखा मानचित्र पर दो विशेषताएं A और B पर चिन्हित की गई हैं। नीचे दी गई जानकारी की सहायता से इनकी पहचान कीजिए और उनके सही नाम मानचित्र पर चिन्हित रेखाओं पर लिखिए। **2x1=2**

(A) गुजरात में किसानों के सत्याग्रह का स्थान

(B) वह स्थान जहां नमक सत्याग्रह समाप्त हुआ

**अथवा**

दिए हुए मानचित्र पर ही निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये और उनके ठीक नाम लिखिए **2x1=2**

(i) बारदौली

(ii) अमृतसर

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 35 के स्थान पर हैं। निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(35.1) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ जलियांवाला बाग की घटना हुई। **2x1=2**

(35.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहां नमक सत्याग्रह सुरु हुआ।

36. दिए हुए भारत के रेखा मानचित्र पर तीन विशेषताएँ A, B, C, पर चिन्हित किए गए हैं। नीचे दी गई जानकारी की सहायता से इन विशेषताओं की पहचान कीजिए और मानचित्र पर चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। **3x1=3**

(a) कोयला खदान

(b) मुख्य पत्तन

(c) लोहा और इस्पात संयत्र

**अथवा**

निम्नलिखित को दिए हुए मानचित्र पर ही उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए

(i) मदुरई

(ii) तारापुर

(iii) बर्नपुर

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 36 के स्थान पर है।

(36.1) छत्तीसगढ़ के लौह और इस्पात संयत्र का नाम लिखिए।

(36.2) गोवा के प्रमुख पत्तन का नाम लिखिए

(36.3) महाराष्ट्र के एक नाभिकीय उर्जा संयत्र का नाम लिखिए।

**Question No. 35 and 35 OR**



**Question No. 36 and 36 OR**

